कार्यालयः प्रमुख सचिव, उच्च शिक्षा विभाग, उत्तराखण्ड शासन, देहरादून।

पत्रांकः–484/XXIV-C-1/ 2020-05(01)/2012 दिनांकः 27 जुलाई, 2020

विज्ञप्ति

उत्तराखण्ड शासन द्वारा कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल में कुलसचिव के रिक्त 01 पद को वेतन बैण्ड 67700–208700 (लेवल 11) में प्रतिनियुक्ति के आधार पर एक वर्ष के लिये भरा जाना है। उक्त पद हेतु निम्नांकित अर्हता रखने वाले पद धारकों आवेदन पत्र (Curriculum Vitae) आमंत्रित किये जाते हैः–

(1) **अनिवार्यः–**

(क) **शैक्षिकः**–भारत में विधि द्वारा स्थापित किसी विश्वविद्यालय से स्नातक उपाधि अथवा सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त समकक्ष उपाधि। अभ्यर्थी को हिन्दी तथा अंग्रेजी भाषा का समुचित ज्ञान होना चाहिए।

(ख) **अनुभवः**–किसी विश्वविद्यालय, राज्य सरकार अथवा उच्च शिक्षा के किसी संस्थान में न्यूनतम वेतनमान रू0 9300–34800 ग्रेड पे रू0 4200 (सातवें वेतनमान की वेतन मैट्रिक्स के लेवल–6 के अनुसार रू0 35400–112400 के समकक्ष) के अथवा उससे अधिक वेतनमान में प्रशासनिक एवं पर्यवेक्षीय स्तर का 15 वर्ष का अनुभव।

अथवा

किसी विश्वविद्यालय अथवा महाविद्यालय में न्यूनतम 15 वर्ष का शिक्षण अनुभव।

(2) **अधिमानी अर्हताः–**

(क) परास्नातक उपाधि अथवा राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त उपाधि अथवा कोई समकक्ष उपाधि।

(ख) अन्य बातों के समान रहने पर ऐसे अभ्यर्थी को वरीयता दी जायेगी, जिन्हें विश्वविद्यालय में परीक्षा कार्य करवाने अथवा उससे सम्बद्ध रहने तथा विश्वविद्यालय प्राधिकारियों से सम्बन्धित कार्य पत्रलेखन में उत्कृष्ट कार्य का अनुभव, वित्तीय तथा लेखा सम्बन्धी कार्यों का अनुभव, जनसम्पर्क से सम्बन्धित कार्यों के निष्पादन एवं समस्याओं के निस्तारण का अनुभव हो।

2. उक्तानुसार अर्हताएं पूर्ण करने वाले पद धारक/आवेदक पूर्ण रूप से भरे हुए आवेदन पत्र (Curriculum Vitae) (निर्धारित प्रारूप पर) विज्ञप्ति निर्गत होने की तिथि से 30 (तीस) दिन के भीतर तक प्रमुख सचिव, उच्च शिक्षा विभाग, उत्तराखण्ड शासन के कार्यालय देवेन्द्र शास्त्री भवन, सचिवालय परिसर, 04 सुभाष रोड, देहरादून के कार्यालय कक्ष में स्पीड/पंजीकृत डाक द्वारा अथवा व्यक्तिगत रूप अथवा ई–मेल secy-for-ua@nic.in से जमा कर सकते है।

3. उक्त अवधि के उपरान्त प्राप्त होने वाले आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जायेगा।

(आनन्द बर्द्धन)
प्रमुख सचिव,
उच्च शिक्षा विभाग,
उत्तराखण्ड शासन।

Prescribed Format

ame & Address	Date of Birth	Age as on date of Publication of advertisement	Education/ Qualification	Position held Presently	Teaching/ Past Position held (From-To) Professor Experience			Administrative Experience			Awards/ Patents/ Recognition	Publicati Research v
					Post	Duration From	Duration To	Post	Duration From	Duration To		

कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल

पत्रांक–केयू / आर0ओ0 / 2020 //36 दिनांक– 06/08/2020

विज्ञप्ति

उत्तराखण्ड शासन द्वारा कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल में कुलसचिव के रिक्त पद पर एक वर्ष की अवधि के लिए वेतन बैण्ड 67700–208700 (लेवल–11) में प्रतिनियुक्ति पर भरे जाने हेतु आवेदन पत्र उचित माध्यम द्वारा आमंत्रित किये जाते हैं। पद की शैक्षिक आर्हता, अधिमानी अर्हता आदि समस्त विवरण विश्वविद्यालय की वैब्रसाइट www.kunainital.ac.in पर देखा जा सकता है। आवेदन पत्र विज्ञप्ति निर्गत होने की तिथि से 30 (तीस) दिन के भीतर प्रमुख सचिव, उच्च शिक्षा विभाग, उत्तराखण्ड शासन के कार्यालय देवेन्द्र शास्त्री भवन, सचिवालय परिसर, 04 सुभाष रोड, देहरादून के कार्यालय कक्ष में स्पीड / पंजीकृत डाक द्वारा अथवा व्यक्तिगत रूप अथवा ई–मेल secy-for-ua@nic.in से जमा कर सकते हैं।

कुलसचिव
कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल